**<u>गणतंत्र दिवस 26 जनवरी, 2013 के अवसर पर माननीय प्रशासक महोदयजी का अभिभाषण</u>**

माननीय सांसद श्री लालूभाई बी. पटेल,
जिला पंचायत के अध्यक्ष श्री केतन पटेल ,
दमण नगरपालिका के अध्यक्ष श्री मुकेश पटेल ,
पुलिस महा-निरीक्षक श्री राजेश खुराना,
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री वसेकर,
संघ प्रशासन दमण एवं दीव के सभी सचिव,
समाहर्ता, दमण,
मुख्य न्यायाधीश एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्री बाफना,
माननीय पूर्व सांसद श्री डायाभाई पटेल, श्री गोपालभाई टंडेल और श्री देवजीभाई टंडेल,
दमण एवं दीव के स्वतंत्रता सेनानी,
सभी राजनीतिक दलों के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधि,
चुने हुए सभी जन-प्रतिनिधि,
सरकारी अधिकारीगण,
यहाॅ उपस्थित उद्योगपति
उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तिगण
मीडिया के प्रतिनिधि,
भाईयों-बहनों
एवं प्यारे बच्चों ।

भारत के 64वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर मैं दमण एवं दीव के नागरिकों का हार्दिक अभिनंदन करता हूँ और आपके सुख एवं इस प्रदेश की समृद्धि की कामना करता हूँ ।

लगभग 6 दशकों से भी ज्यादा अवधि से हम न्याय, स्वतंत्रता, समानता और भाईचारा के सिद्धांतों का पालन कर रहे हैं । इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में हमने कई उपलब्धियाँ हासिल की हैं, लेकिन कई मुद्दे सुलझाने बाकी हैं । हमें जहाँ एक ओर अपनी उपलब्धियों पर गर्व महसूस होता है, वहीं दूसरी ओर समृद्धि के पथ पर आगे बढ़ने के लिए हमें चुनौतियों का सामना भी करना है ।

पिछले महीने संघ प्रदेश दमण एवं दीव के 52वें मुक्ति दिवस के अवसर पर अपने अभिभाषण में मैंने विभिन्न क्षेत्रों में हुए कई विकास कार्यों का जिक्र किया था । तब से हुए कुछ और महत्वपूर्ण विकास कार्यों, तथा कुछ और बिन्दुओं का जिक्र आज मैं आपसे करना चाहूँगा ।

**Roads & Bridges :**

विभिन्न सड़कों और पुलों के निर्माण का कार्य पूरी तेजी से किया जा रहा है । दमण को NH-8 से जोड़ने वाली सड़क

को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने का हमारा प्रस्ताव भारत सरकार के पास अंतिम दौर पर है । कुछ दिनों पहले मेरी Chairman National Highway Authority of India से चर्चा हुई, और उन्होंने आश्वासन दिया कि वे भारत सरकार द्वारा इस सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने के बाद इस कार्य को Priority पर पूरा करेंगे । बामणपूजा से पाली तक पुल का निर्माण जल्दी ही शुरू किया जायेगा । Coastal Highway के लिए दमणगंगा नदी पर नया पुल बनाने के लिए Consultant को चुनने की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है । समाज के सभी वर्गों के साथ चर्चा के बाद और माछी समाज की समस्याओं को ध्यान में रखने के बाद , दमण में प्रस्तावित Cable Stayed bridge के डिजाईन को अंतिम रूप दे दिया गया है । अब हम इस महत्वपूर्ण Project के लिए भारत सरकार से अनुमति लेने की प्रक्रिया शुरू करेंगे । मैं यह भी आज बताना चाहता हूँ कि आम जनता की सहुलियत के लिए, मोटी दमण और नानी दमण को जोड़ने वाला एक नया pedestrian bridge का निर्माण किया जाएगा जो पुराने टूटे हुए पुल के स्थान पर रहेगा ।

दीव में तड की खाड़ी तथा दीव-घोघला एवं वणांकबारा-कोटड़ा में नये पुल के निर्माण कार्य को Priority पर किया जा रहा है । नागवा से वणांकबारा तक मौजूदा

सड़क को चौड़ा करके Four Lane बनाने का कार्य प्रगति पर है और इसे जल्दी ही पूरा कर लिया जाएगा ।

**Power :**

Electrical network को सुदृढ़ करने तथा बिजली की Quality में सुधार करने के लिए हमने दमण के भीमपोर में 30 KVA Capacity का नया Sub-Station शुरू किया है । झरी में 66 KV, 30 MVA Sub-Station की स्थापना का कार्य शुरू कर दिया गया है । हमने रिंगणवाड़ा में 220 KVA Sub-Station की स्थापना के साथ-साथ मगरवाड़ा में मौजूदा 220 KVA Sub-Station की Capacity को बढ़ाने का कार्य भी शुरू किया है । Power Grid Corporation of India Ltd. को मगरवाड़ा में 400 KVA Sub-Station की स्थापना का कार्य सौंपा गया है ।

दीव में स्वच्छ बिजली उत्पन्न करने के लिए और जिले को बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए 7 MW Solar Power Plant की स्थापना का प्रशासन का प्रस्ताव है ।

बेहतर सेवाएँ मुहैया कराने के लिए विद्युत विभाग द्वारा मगरवाड़ा में उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच की स्थापना की गई है और एक Web based Complaint management system भी शुरू किया गया है । दमण के सभी उपभोक्ता

विद्युत विभाग की Website पर अपने बिजली बिल को देख सकते हैं और Online भुगतान कर सकते हैं । यह facility दीव के सभी उपभोक्ताओं के लिए जल्दी ही उपलब्ध करा दी जाएगी ।

**Medical & Public Health :**

हमने दीव में 60 Bed वाले नये सरकारी अस्पताल का निर्माण कार्य शुरू किया है । दमण के कचीगाम में नये आयुष अस्पताल के निर्माण को Approval दे दिया है । साथ ही दमण में एक Nursing School भी स्थापित किये जाने का प्रस्ताव है । सरकारी अस्पताल मरवड़ को सुदृढ़ करने के लिए इसके 100 Bed की क्षमता को बढ़ाकर 200 Bed करने तथा यहॉ dialysis unit की स्थापना करने की हमारी योजना है । दीव के घोघला में visiting doctors के लिए Transit Hostel facility के निर्माण का कार्य प्रगति पर है । एक Integrated Health management information system को भी जल्दी ही लागू किया जायेगा । 108 Emergency Medical Response Services के शुरू किये जाने से सैकड़ों जानों को हम बचा पाये हैं । देश की पहली Toll free नंबर-104 वाली Non-emergency Medical

Service शुरू हो गई है । इस सेवा के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए आपके समर्थन एवं सहयोग के लिए मैं अनुरोध करता हूँ । प्रशासन ने 01 दिसम्बर, 2012 से गुटखा के रूप में बेचे जाने वाले तंबाकू के निर्माण / बिक्री पर पूरी तरह से रोक लगा दिया है और हमें इसे कारगर तरीके से लागू करने के लिए आपकी सहायता की जरूरत है ।

**Education :**

प्राथमिक स्कूल स्तर से डिग्री स्तर तक बेहतर गुणवत्ता वाली शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है । प्रदेश के स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता में time-bound रूप से सुधार के लिए, इस क्षेत्र में expert संगठन, CII Institute of Quality के साथ Partnership के जरिए हम महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट शुरू कर रहे हैं । हम प्रदेश में सभी सरकारी विद्यालयों के infrastructure को Verify और upgrade करने के लिए एक Project भी शुरू कर रहे हैं । केन्द्र सरकार ने संघ प्रदेश में 02 Smart School विकसित करने के लिए Grants को मंजूरी दे दी है ।

दीव के साऊदवाडी में Girls Higher School building और घोघला के high School में अतिरिक्त सुविधाओं का निर्माण कार्य जारी है । दीव में नये पोलिटेक्निक की स्थापना की जा रही है,

जो कि academic year 2013-14 में शुरू हो जायेगा । दीव में 2013-14 में Degree College शुरू करने की प्रक्रिया जारी है और इसके लिए नई बिल्डिंग के निर्माण का कार्य शुरू किया जा रहा है ।

आपको यह सूचित करते हुए मुझे खुशी हो रही है कि हमें इसी सप्ताह भारत सरकार से सरकारी पोलिटेक्निक दमण के लिए 30 Teaching और 37 non-teaching अतिरिक्त पदों का approval मिल गया है । इससे पोलिटेक्निक के शिक्षा स्तर में व्यापक इजाफा होगा ।

संघ प्रदेश के विद्यार्थी Information Technology के उभरते क्षेत्र में कहीं पीछे न रह जाएं, यह सुनिश्चित करने के लिए, academic year 2013-14 से प्रशासन द्वारा एक नई Laptop scheme लागू करने का प्रस्ताव है । इस स्कीम के तहत सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में XIवीं कक्षा और पोलिटेक्निक के प्रथम वर्ष में पढ़ रहे सभी छात्रों को मुफ्त Laptop देने का हमारा प्रस्ताव है । इस नई scheme को भारत सरकार की अनुमति के लिए प्रस्ताव भेजा जाएगा ।

हमने निर्णय लिया है कि “Incentive to Girl Students for Higher Education & Professional courses ” स्कीम के तहत, जहॉ Higher/ Professional courses में पढ़ाई के लिए tuition fees और hostel खर्चे reimburse किये जाते हैं, अब BPL

परिवारों की सभी छात्राओं के tuition fees और hostel खर्चे पर 100% reimbursement दिया जाएगा ।

**Tourism :**

हम पर्यटन क्षेत्र पर focus बढ़ा रहे हैं क्योंकि इस प्रदेश के भविष्य के लिए सबसे ज्यादा संभावनाएँ इसी क्षेत्र में है । दमण में एक Oceanarium के निर्माण की हमारी योजना है । इसके लिए भूमि की तलाश की जा रही है । Daman Fort Wall के साथ जगह के विकास की परियोजना को प्राथमिकता दी जा रही है । eco-tourism को बढ़ावा देने के लिए दीव में Dagachi वन के विकास और Fudam Bird Sanctuary को upgrade करने की भी हमारी योजना है । हम दमण की beaches के लिए safety equipment और व्यक्ति लगाने के लिए तथा सफाई के लिए Tender आमंत्रित किये हैं और दीव में भी ऐसा करने की हमारी योजना है ।

दमण एवं दीव की अर्थव्यवस्था के लिए पर्यटन के महत्व को ध्यान में रखते हुए हमें अपने युवाओं को ऐसे हुनर सिखाने की जरूरत है, जिससे वे इस क्षेत्र में रोजगार पा सकें । वर्ष,2010 में दादरा एवं नगर हवेली के Karad में स्थापित Institute of Hotel Management and Catering Technology अगले academic year 2013-14 में Food Production और housekeeping के क्षेत्र में प्रत्येक ट्रेड में 40 छात्रों के साथ दो

नये Diploma courses शुरू करेगा । इस कोर्ष में संघ प्रदेश दमण एवं दीव तथा दादरा एवं नगर हवेली के छात्रों के लिए 50-50% सीटें earmark करने का प्रस्ताव है ।

**Fisheries :**

मछुआरा समुदाय हमारे समाज का महत्वपूर्ण अंग है और प्रशासन उनके कल्याण के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहा है । मछुआरे भाई-बहनों को सरकार की विभिन्न स्कीमों के जरिए सहायता दी जा रही है । माननीय सांसद और कई जनप्रतिनिधिओं के साथ दीव के मछुआरा समुदाय के अनेक सदस्यों ने पिछले दिनों हुए भारत सरकार के निर्णय के बारे में 23 जनवरी को मुझसे मुलाकात की, जिसके तहत fisheries societies के outlets से बेचे जानेवाले डीजल की कीमतों में काफी बढ़ोतरी हुई है । वादे के अनुसार इस समस्या को सुलझाने के लिए हम इस मामले को भारत सरकार के पेट्रोलियम मंत्रालय के सामने रख रहे हैं । इसके अतिरिक्त, हमें खुशी है कि दीव के 17 मछुआरे पाकिस्तानी जेल से रिहा होकर अक्तूबर-नवम्बर,2012 में अपने परिवार के पास पुन: वापस आ गये । Pakistani Marine Security Agency द्वारा

अक्तूबर, 2012 में पकड़े गये दीव के शेष 26 मछुआरों को जल्द से जल्द छुडाने के लिए प्रशासन सभी संभव प्रयास कर रहा है । दमण एवं दीव दोनों जिलों में minor ports के विकास के project के लिए Consultant के संबंध में अंतिम निर्णय ले लिया गया है । Consultant की रिपोर्ट के आधार पर हम दमणगंगा नदी और वणकबारा के Navigational Mouth में से रेत निकालने और इसे चौडा करने का कार्य शुरू करेंगे । पर्यटकों एवं Cargo vessels की Loading एवं Berthing के लिए मोटी दमण में Pile Jetty बनाने का भी हमारा प्रस्ताव है ।

**Air Connectivity :**

हम सभी इस बात से सहमत हैं कि Connectivity दमण एवं दीव दोनों जिलों के लिए महत्वपूर्ण है । हमने दीव Airport के upgradation और runway के 300 मीटर extension के लिए Airport Authority of India को एक प्रस्ताव पेश करने के लिए अनुरोध किया गया है । जैसा कि आप सभी जानते हैं, दमण Airport पर commercial flights operate नहीं की जाती हैं क्योंकि इसे Coast Guard द्वारा manage किया जाता है और यहाँ कोई civilian terminal नहीं है । प्रशासन civilian terminal

के निर्माण और commercial flights शुरू करने की संभावना की जॉच कर रहा है । इस प्रकार की air connectivity से पर्यटन क्षेत्र को भरपूर बढ़ावा मिलेगा तथा प्रदेश के निवासियों को अतिरिक्त accessibility मिल सकेगी । दमण में commercial flights के हकीकत बन जाने पर दमण एवं दीव जिलों के बीच air connectivity उपलब्ध कराने की भी हमें आशा है, जो एक लंबे समय से प्रदेशवासियों की गहरी इच्छा भी रही है ।

**Social Welfare :**

संघ प्रदेश दमण एवं दीव की population में पिछड़े वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और Minorities वर्ग का high ratio है । शिक्षा में Inclusive Development को promote करने के लिए कई स्कीमें लागू की जा रही है । इस वित्तीय वर्ष के दौरान 4500 ST विद्यार्थियों के माता-पिता को 21 लाख रूपये की राशि cash incentive के रूप में बॉटी गई है । इसी तर्ज पर वर्ष 2012-13 में SC छात्र एवं छात्राओं के माता-पिता के लिए एक स्कीम शुरू की गई है । चालू वर्ष के दौरान 1613 OBC Students को और Minority समुदाय से 554 Students को 36.64 लाख रूपये छात्रवृत्ति के रूप में बॉटे गए हैं । VII से XII Standard में पढ़ रही 339 SC/ST छात्राओं को 16.95 लाख

रूपये Cash awards दिया गया है । Standard-VIII में पढ़ रही SC/ST छात्राओं को आवागमन की सुविधा देने के लिए सरस्वती साधना योजना के तहत 195 साईकिलें बॉटी गई है । आर्थिक रूप से कमजोर तबकों, OBC और minorities की छात्राओं को भी यह सुविधा देने का हमारा प्रस्ताव है ।

इस वर्ष के दौरान दमण में और 03 ऑागनवाड़ी केंद्र खोले गये हैं और दीव में जल्दी ही और 02 ऑागनवाड़ी केंद्र खोले जायेंगे । इससे दमण में ऑागनवाडी केंद्रों की संख्या बढ़कर 62 और दीव में 40 हो जाएगी । जिन बच्चों को सेवा और सुरक्षा की जरूरत है, उन तक पहुँचने के लिए Red Cross द्वारा Child helpline स्थापित की गई है ।

मुझे आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि 04 Centrally Sponsored Schemes के अंतर्गत Aadhar linked Direct Benefit Transfer की केंद्र सरकार की Prestigious and ambitious स्कीम को लागू करने के लिए हमारे संघ प्रदेश के दोनों जिलों को भारत सरकार द्वारा चुने गए 41 जिलों में रखा गया है । ये 04 Centrally Sponsored Schemes हैं - OBC विद्यार्थियों के लिए Post Matric Scholarship, SC विद्यार्थियों के लिए Post Matric Scholarship, Minority Community Students के लिए Merit-cum-Means Scholarship और इंदिरा गॉधी मातृत्व सहयोग योजना । हमें गर्व है कि हमारे दोनों

जिले पूरे देश के उन 20 जिलों में शामिल हैं, जिन्होंने Aadhar linked Direct Benefit Transfer Schemes को सफलतापूर्वक लागू किया है ।

**Sewerage system :**

छोटे और मध्यम शहरों के लिए Urban Infrastructure Development Scheme के अंतर्गत 19.98 करोड़ रूपये की लागत से मोटी दमण और नानी दमण के लिए underground Sewerage System बनाने के Project को भारत सरकार के शहरी विकास मंत्रालय से Approval मिल गया है । इसमें संघ प्रदेश का 20% share होने के कारण U.T. प्रशासन ने इसके लिए 2.07 करोड़ रूपये earmark किये हैं । WAPCOS, गॉधीनगर के साथ मोटी दमण में underground sewerage system project का काम प्रगति पर है । Diu Municipal Council द्वारा underground sewerage project के काम की प्रकिया शुरू की जा चुकी है । मोटी दमण में आधुनिक Slaughter House तथा नानी दमण में आधुनिक Fish Market के निर्माण के प्रस्तावों पर विचार किया जा रहा है ।

**Information Technology :**

**I.T.** के क्षेत्र में हम लगातार प्रगति कर रहे हैं । अधिकतर सरकारी सेवाओं को जोड़ने और e-Services मुहैया कराने के

लिए आवश्यक Infrastructure को time-bound manner में तैयार किया जा रहा है । दमण एवं दीव तथा दादरा एवं नगर हवेली दोनों प्रदेशों के लिए सिलवासा में एक Common State Data Centre स्थापित किया जा रहा है । यह अगले 6-8 महीनों में बनकर तैयार हो जायेगा । दमण एवं दीव के Land records के digitization का कार्य भी लगभग पूरा हो गया है ।

हालांकि, विभिन्न सरकारी सेवाओं की delivery के बारे में निर्धारित समय-सीमा के बारे में सभी सरकारी विभागों से संबन्धित एक Citizen Charter बनाया गया है, फिर भी इस संबंध में देरी की शिकायतें कई बार मिल रही हैं । इसलिए हमने प्रदेश में सरकारी सेवाओं की time-bound delivery सुनिश्चित करने के लिए एक Project शुरू करने का निर्णय लिया है । इन सेवाओं को शुरू करने के तरीकों और Technology के बारे में NIC से परामर्श किया जा रहा है । इस Project के पहले phase में 8 विभागों की लगभग 30 अलग-अलग सेवाओं को चुना गया है जिसके तहत प्रत्येक आवेदन की प्राप्ती, एक विशेष संख्या और service की delivery date आवेदन जमा करते समय दी जाएगी । प्राप्त किये गए सभी आवेदनों पर software की सहायता से नजर रखी जाएगी और Service delivery में देर होने की स्थिति में जवाबदेही तय की

जाएगी । हम इस साल मार्च महीने के अंत तक यह सेवा शुरू करने की आशा रखते हैं ।

अगले कुछ महीनों में हम इस प्रदेश में Common Service Centres के स्थापना की भी योजना बना रहे हैं, जहॉ से नागरिक कई सरकारी सेवाओं का लाभ ले सकेंगे ।

**Police Department** :

हाल ही में हमने Crime Criminal Tracking Network & Systems के 'Pilot Go-live' project को गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर दमण एवं दीव के तीन पुलिस स्टेशनों में सफलतापूर्वक लागू किया है, जो कि देश के विभिन्न पुलिस संगठनों को आपस में जोड़ने के लिए National e-Governance Plan का हिस्सा है । गृह मंत्रालय की deadline के अंदर इस milestone को हासिल करने वाले हम एक मात्र संघ प्रशासन है । दमण एवं दीव पुलिस विभाग के विभिन्न पदों के लिए 57 Police कर्मियों को Promotion दिया गया, जो वर्ष 2010 और 2011 के दौरान किये गये कुल Promotions के बराबर है । साथ ही महिला Police सहित 150 नये Police Constables का recruitment Process भी शुरू कर दिया गया है ।

आपको बताते हुए मुझे खुशी हो रही है कि श्री राम निवास मीणा, पुलिस अधीक्षक, दीव को Meritorious सेवा के

लिए गणतंत्र दिवस, 2013 के अवसर पर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है । इसके अलावा Shri Bhaskar Taladappa Mattimani, ASFO, Daman को Meritorious सेवा के लिए President Fire Service Medal से नवाजा गया है । यह प्रदेश के लिए बहुत ही गर्व की बात है ।

**OIDC :**

प्रशासन के एक महत्वपूर्ण अंग के रूप में **OIDC** ने प्रदेश में कई बड़े कार्यों को सराहनीय तरीके से पूरा किया है । वर्तमान में यह पातलिया में पुल निर्माण, बामणपूजा में Storm Water Drain, मधुबन डैम के दुनेठा तक Water supply pipeline बिछाने, दीव में 60 Bed वाले अस्पताल का निर्माण करने और कई दूसरे Projects को अंजाम दे रहा है । अपने सामाजिक दायित्व को पूरा करने के लिए Corporation meritorious छात्रों और Sports persons को छात्रवृत्ति और cash awards देता है ।

अंत में, मैं एक बार फिर भारत के 64वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई देता हूँ ।

मुझे पूरा विश्वास है कि अगर संघ प्रशासन को आपका सहयोग निरंतर मिलता रहेगा , हम एक साथ, सभी के लिए, विकास के उच्च स्तर और समृद्धि के पथ पर, तेजी से आगे बढ़ते रहेंगे ।

** जय हिन्द * *